खबर संक्षेप

## महाराणा प्रताप जयंती पर भुआबिछिया में होंगे आयोजन

**भुआबिछिया।** महाराणा प्रताप जयंती पर रविवार को स्थानीय राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा भव्य आयोजन किये जाने की कार्ययोजना तैयार की हैं। राजपूत समाज अध्यक्ष दानसिंह राजपूत, कार्यक्रम अध्यक्ष अजय ठाकुर ने बताया 9 जून रविवार को सार्वजनिक दुर्गा मंच बिछिया में अरूण प्रताप राजपूत जबलपुर संभाग अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य, नागेन्द्र राजपूत प्रदेश उपाध्यक्ष क्षैत्रिय महासभा के विशिष्ठ आतिथ्य संरक्षक जोश सिंह ठाकुर, रोहन सिंह राजपूत, बलराम राजपूत, डमरू सिंह राजपूत, छिदामी राजपूत, एवं भरत सिंह ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक विविध मंचीय कार्यक्रम, तत उपरांत रात्री 9 बजे तक महाराणा प्रताप की शौर्य यात्रा नगर भ्रमण करेंगी।

## प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालय मण्डला 1 जुलाई से प्रारंभ

**मण्डला।** रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला को राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालय बनाया जा रहा है। इस तारतम्य में महाविद्यालय में सत्र 2023-24 में विभिन्न प्रयोगशालाओं को आधुनिकतम उपकरणों से सुसज्जित किया गया। पॉच स्मार्ट क्लास एवं एक इन्टीग्रेटेड स्मार्ट क्लास प्रदान की गई है। भौतिकशास्त्र विषय में स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ की गई है साथ ही महाविद्यालय को आवंटित पदों मे भी वृद्धि की गई है। अतः 12वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों से अनुरोध है कि महाविद्यालय की प्रवेष प्रक्रिया में पंजीयन करा राज्य शासन द्वारा दी जा रही सौगात से लाभांवित हो।

## प्रोत्साहन राशि एवं छात्रवृत्तियों के आवेदन के लिए अंतिम मौका

**मण्डला।** रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला के समस्त नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि गॉव की बेटी, प्रतिभा किरण योजना, विक्रमादित्य योजना, मेधावी योजना, संबल योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति) तथा पोस्ट मैट्रिक अन्य पिछड़ा वर्ग के जिन विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में ऑनलाईन आवेदन की छायाप्रति जमा नही की है वे दिनांक 15 जून 2024 तक अनिवार्यतः महाविद्यालय में जमा करें।

### कूम्हा घाट में आयोजित जल-संवाद कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री का संदेश

# जल स्त्रोतों का संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी






*** हरितक्रांति को देना होगा बढ़ावा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नारायणगंज के कूम्हा घाट नर्मदा तट पर जल-संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन की पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने पौधारोपण कर मां नर्मदा की आरती की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष नारायणगंज आशाराम भारतीया, नगरपालिका परिषद मंडला के अध्यक्ष विनोद कछवाहा, भीष्म द्विवेदी, कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### जल के स्त्रोत प्रकृति के वरदान

इस अवसर पर पीएचई मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि जल के स्त्रोत प्रकृति के वरदान हैं जिनका संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। नदी, तालाब, कुआँ, बावड़ी के संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिए वृहद अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत साढ़े पांच करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। भावी पीढ़ी को स्वस्थ जीवन मिले इसके लिए हमें प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के संकल्प को मिलकर पूरा करना है। चैकडेम, स्टॉपडेम तथा अन्य स्थानों पर पानी रोकने एवं भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए व्यापक प्रयास करने जरूरी हैं। इस कार्यक्रम को जन अभियान के रूप में अपनाने की आवश्यकता है। मध्यप्रदेश शासन इसमें हर कदम पर आपके साथ है।

### जल संरक्षण के कामों को प्राथमिकता दें

पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने उपस्थित लोगों से आव्हान किया कि प्रत्येक नागरिक परिवार के हर एक उत्सव, जन्मदिन, परिजनों की पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर पौधारोपण कर धरती माँ के पोषण के लिए अपना योगदान करें। उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत जल संरक्षण के कामों को प्राथमिकता दें। हम सौभाग्यशाली हैं कि माँ नर्मदा के तट पर निवास कर रहे हैं, इसलिए हमारा दायित्व है कि हम माँ नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखें। देश और प्रदेश की सरकार हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए प्रयास कर रही है।

### गिरता जल स्तर चिंता का विषय

पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने गिरते भू-जल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत गंभीर विषय है। प्रत्येक नागरिक को इसकी गंभीरता को समझते हुए वृहद पौधारोपण अभियान को अपनाने की आवश्यकता है। धरती माँ को हरित आवरण से ढंककर ही जल स्तर को बढ़ाया जा सकता है, इसलिए पौधारोपण को जन अभियान बनाने की जरूरत है। हमें न केवल पौधारोपण करना है वरन रोपे गए पौधों की सुरक्षा एवं देखरेख की जिम्मेदारी भी स्वयं उठानी है। पौधारोपण एक पुण्य कार्य है जिससे जुड़कर हम सभी को आने वाले पीढ़ियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।



## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नावघाट में किया गया श्रमदान



*** घाट में एकत्रित मिट्टी को किया गया साफ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा आमजन की सहभागिता से जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुर्नजीवन के उद्देश्य से श्रमदान किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को मंडला नगरपालिका क्षेत्र के नावघाट में श्रमदान के माध्यम से घाट में एकत्रित मिट्टी साफ की गई तथा नर्मदा नदी से अवांछित वनस्पतियों को हटाया गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, माया गुप्ता सहित अन्य पार्षद, भीष्म द्विवेदी, अनुराग चौरसिया, संजय गुप्ता, मुख्य नगरपालिका अधिकारी गजानंद नाफड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा संबंधित अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने कहा कि जीवन दायिनी नर्मदा तथा उनके तटों को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। यदि समय रहते नर्मदा जी के संरक्षण के लिए कारगर प्रयास नहीं किए गए तो आने वाले समय में गंभीर परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने आव्हान किया कि नर्मदा जल में किसी भी प्रकार के अपशिष्ट प्रवाहित न करें। नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि गीले तथा सूखे कचरे को अलग-अलग संग्रहित करें तथा उन्हें कचरे वाली गाड़ी में ही डालें। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी गजानंद नाफड़े ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते हुए उपस्थितजनों से सहभागिता की अपील की।



# रामनगर की बावड़ी का होगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल संसद का आयोजन किया गया जिनमें नदी, तालाब, कुआं, बावड़ी आदि जल स्त्रोतों के संरक्षण तथा उनके पुर्नजीवन के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए कार्ययोजना तैयार की गई। जनपद बिछिया अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगर में वर्षो पुरानी बावड़ी का जीर्णोद्धार मनरेगा योजना अंतर्गत किया जा रहा है। उक्त बावड़ी के जीर्णोद्धार हो जाने से जन समुदाय को स्वच्छ जल प्राप्त हो सकेगा एवं जल स्तर भी बढ़ेगा। बावड़ी का सौंदर्यीकरण हो जाने से पर्यटकों का केंद्र बनेगा साथ ही पुरातात्विक धरोहर से आम जन समुदाय परिचित हो सकेगा। ग्राम पंचायत पिपरियाकला के पासवान टोला में कन्टूर ट्रेंच का निर्माण किया जा रहा है जिससे बारिश का जल गड्ढों का भराव होगा जो जमीन का जल स्तर बढ़ाने में सहायक होगा।




### जल स्त्रोतों के संरक्षण के हो रहे प्रयास

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के ग्रामों में जल स्त्रोतों के संरक्षण और उनके पुर्नजीवन के लिए प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इस संबंध में आमजन को जागरूक करने के लिए जल संसद, जल संगोष्ठी, परिचर्चा सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बीजाडांडी के पोंड़ीमाल एवं बरगांव में जल संसद का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को जल के प्रत्येक बूंद का सदुपयोग करने की समझाईश दी गई तथा जल स्त्रोतों को साफ करने के लिए श्रमदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी प्रकार बीजाडांडी के बरवाही तथा मवई के नंदराम में कुआं आदि के मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया गया है।

## ग्रामीणों ने की कुएँ की सफाई, खोला जल स्त्रोत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। लोग बड़ी संख्या में इस अभियान से जुड़ते हुए जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में मवई विकासखंड के ग्राम दाढ़ी में प्रस्फुटन समिति के नेतृत्व में जल स्त्रोतों की सफाई तथा पुर्नजीवन का कार्यक्रम संचालित किया गया। इस दौरान ग्राम के कुओं की सफाई की गई तथा उनके जल स्त्रोतों को खोला गया। इस अवसर पर उपसरपंच कृष्णा यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रस्फुटन समिति के सदस्य तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## निवास में उल्लास साक्षरता प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/निवास



राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल एवं प्रौढ़ शिक्षा कार्यालय जिला शिक्षा केंद्र मण्डला के निर्देश अनुसार विकासखंड निवास में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत विशेष सर्वे अभियान का प्रशिक्षण आयोजित किया गया प्रशिक्षण में विकासखंड निवास के लगभग 150 शिक्षकों ने भाग लिया जनपद शिक्षा केंद्र निवास द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में निवास हाथीतारा आमगांव पिपरिया एवं मनेरी संकुल के शिक्षक सम्मिलित हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने हेतु भारत सरकार के निर्देश अनुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम वर्ष 2022 से 2027 तक संचालित किया जा रहा है 2011 की जनगणना के आधार पर अक्षरों का ऑनलाइन एवं ऑफलाइन NILP एप के माध्यम से विशेष सर्वे अभियान चलाया जाना है 1 जून से 15 जून 24 तक चलने वाले इस सर्वे कार्य में समस्त शासकीय विद्यालयों के शिक्षक स्थानीय शिक्षको एवं छात्राओं को अक्षर साथी के रूप में चिन्हित कर उनका पंजीयन किया जाना है शिक्षकों के द्वारा एक-एक घर का सर्वे वार्ड -बार एवं ग्राम पंचायत बार किया जाना है आज की बैठक में सभी सामाजिक चेतना के दो के नोडल अधिकारी अर्थात संस्था के प्रधानाध्यापक नवभारत साक्षरता समन्वयक सुधा भारती अनुरागी आशुतोष जैन ब्रजराज कोकडे राकेश धर द्विवेदी जन शिक्षक संतोष बर्मन राघवेंद्र तिवारी तारेंद्र मोहन उपाध्याय दर्शन भारतीय भारतीया मुरलीधर परस्ते अमरु वरकड़े कोमल वरकडे एवं सेवाराम उटिये के साथ-साथ सभी संस्था प्रधान सम्मिलित हुए प्रशिक्षण बी आर सी सुनील दुबे के द्वारा दिया गया ग्राम एवं वार्ड स्तर पर सामाजिक चेतना केंद्र के नोडल अधिकारी प्रधानाध्यापक स्कूलों के समस्त शिक्षक शिक्षकों अक्षर साथियों के साथ मिलकर प्रत्येक घर का सर्वे कार्य की योजना तैयार कर एक निर्धारित प्रपत्र में सभी के सहयोग से एप के द्वारा ऑनलाइन सर्वे किया जाना है सर्वप्रथम अक्षर साथी अपना पंजीयन करेंगे जिनका सत्यापन नोडल अधिकारी द्वारा किया जाएगा उसके बाद अक्षर साथियों के द्वारा सर्वे किए गए साक्षरों का पंजीयन नल्प अप में किया जाएगा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का संचालन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से किया जाना है इसके लिए विभाग द्वारा एन आई एल पी मोबाइल ऐप का निर्माण किया गया है प्रतिदिन सर्वे सर्वे कार्य अक्षर साथियों एवं शिक्षकों के द्वारा किया जाएगा राज्य जिला और विकासखंड स्तर से मोबाइल ऐप के माध्यम से हो रहे सर्वे कार्य की मॉनिटरिंग की जावेगी प्रत्येक अक्षर साथियों को पांच पांच अक्षर लोगों को शिक्षित करने की जिम्मेदारी दी जावेगी अक्षर साथी साक्षरों की सुविधा अनुसार स्थान निर्धारित करके पठन-पाठन हेतु अप में दी गई सामग्री का उपयोग करते हुए कक्षा का संचालन करेंगे बीआरसी निवास सुनील दुबे ने सभी जनों से सर्वे कार्य और निरक्षरों को साक्षर बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

**विडम्बना** | **वॉटर शेड के जिम्मेदारों पर लगे गंभीर आरोप।**

# स्टाप डेम बनाकर फोड़ते क्यों हैं?





*** जल संरक्षण कार्यक्रम का उड़ा रहे मजाक।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

देश के प्रधानमंत्री द्वारा प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना को 2015-16 में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य खेतों तक पानी की भौतिक पहुंच को बढ़ाना और सुनिश्चित सिंचाई के तहत खेती योग्य क्षेत्र का विस्तार करना, कृषि जल उपयोग दक्षता में सुधार करना, स्थायी जल संरक्षण प्रथाओं को लागू करना आदि था। लेकिन इस योजना के जिम्मेदार जब खुद सरोवर बनाकर तोड़ने लग जाएं तब ऐसी क्रांतिकारी योजना से कृषि क्षेत्र व आम जनता को क्या लाभ हुआ यह शासन व इसके कर्ता धर्ता एजेंसी ही जानें।

निर्माण की जिम्मेदार वॉटर शेड (एनजिओ) स्टाप डेम बनाकर खुद फोड़ देती है। निवास जनपद की ग्राम पंचायत जवैधा के पोषक ग्राम हीरापुर में हाल के वर्ष 2023 में अमृत सरोवर (तालाब) का निर्माण किया गया था, बताया जा रहा है कि उक्त तालाब वॉटर शेड द्वारा बनाया गया है जिन्होंने बांध निर्माण सम्बंधित गाईड लाइन से हटकर निर्माणाधीन जगह जो बेहद हार्ड मुर्रम व पत्थरों युक्त है मशीनरी द्वारा उसी की मोटी मेढ़ बना दी जिसका अंजाम यह हुआ कि इसमें जल भराव होने के बाद इसके फूटने के डर से निर्माण एजेंसी वाटर शेड के जिम्मेदारों ने पहली ही बरसात में बांध की दीवार के दोनों छोर पर जेसीबी मशीन से कैनाल खोदकर जमा पानी बहा दिया था और डेम फूटने के पहले अपने भृष्ट कारनामों की कलई खुलने से रोक पाने में सफलता हासिल कर ली थी, अगर ऐसा न किया जाता तो उक्त सरोवर भी बीच से फूट जाता और नीचे बसे गाँव के लोगों को काफी नुकसान होता, जैसा कि एक वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत सुखरी संग्रामपुर के खरखरा ग्राम का अमृत सरोवर फूटा था। ग्राम हीरापुर तालाब की निर्माण एजेंसी कौन है पूछे जाने पर पंचायत के सचिव ने बताया कि यह सरोवर वॉटर शेड के लोगों द्वारा बनाया गया है, पंचायत द्वारा सिर्फ जगह का प्रस्ताव पास कर दिया गया है वहीं यह जानकारी भी मिली है कि उक्त कार्य में मजदूरों को रोजगार गारंटी से भुगतान हुआ है जबकि इस सरोवर को बनाने में खुलकर मशीनरी का उपयोग किया गया है। कुलमिलाकर शासन की कई लाखों की राशि को पानी रोकने के नाम पर पानी की तरह ही बहा दिया गया और जिले के जिम्मेदार ऐसे अनेकों भृष्ट कार्यों के मामलों में खामोश बैठे हैं।

## खबर संक्षेप

### नगर के गौरव बने निधीश दुबे



**गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब नगर के किसी बेटा या बेटी का जब किसी बड़े स्तर पर पहुंचने के लिये सफलता प्राप्त होती है तो सफल रहने वाला युवा तो अपना नाम रोशन करता ही है साथ ही साथ नगर का नाम रोशन होने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई निधीश दुबे की सफलता को देखते हुये जान पड़ रही है जो नगर का गौरव बनने से नही चूक पा रहे है। बताया जाता है कि नगर के सिविल कोर्ट में कार्यरत नवीन कुमार दुबे एवं शा.क.उ.मा.शाला में पदस्थ श्रीमति ज्योत्सना दुबे के पुत्र निधीश कुमार दुबे ने कामन एडमीशन टेस्ट (कैट) की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुये भारत सरकार के बिजनेस मैनेजमेंट के शीर्ष शिक्षण संस्था आई.आई.एम मुंबई में एम.बी.ए में दाखिला प्राप्त कर जहां एक ओर अपने माता पिता सहित संपूर्ण परिवार का गौरव बढ़ाया है। वही दूसरी ओर निधीश की इस सफलता पर नगर का गौरव भी बढ़ा है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व निधीश ने आई.आई.आई.टी नया रायपुर से डाटा सांईस एंड आर्टिफिसीयल एंटेलीजेन्सी से बी टेक में सफलता प्राप्त की जा चुकी है।

### श्रद्धा ने किया अपने गांव का नाम रोशन



**चीचली।** कहा जाता है कि जब गांवों के बेटा व बेटियों को अवसर मिलता है तो वह अपने गांव का नाम रोशन करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार से एक गांव की बेटी ने अपने साथ साथ अपने माता पिता व संपूर्ण ग्राम का नाम रोशन किया गया है। जानकारी के अनुसार मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा 2021 (मुख्य भाग) के घोषित नतीजों में स्थानीय निवासी श्रद्धा कौरव ने म प्र अधीनस्थ लेखा सेवा के पद पर चयनित होकर जिले को गौरवांवित किया है। ज्ञात हो कि ग्राम नरसरा के मूल निवासी एवं चीचली ब्लॉक में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक संतराम कौरव की पुत्री श्रद्धा ने प्रथम प्रयास में ही उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है।

### शनि जयंती पर मंदिर में आयोजित हुआ विशाल भंडारा सहित अन्य कार्यक्रम



**गाडरवारा।** निश्चित तोर से जब शनि की चाल शुरू होती है तो लोगों की किस्मत बदलने में देर नही लगती है और किसी पर यदि कुदृष्टि पड़ जावे तो वह बर्बाद होने से भी नही बचता है। इसी के चलते शनि महाराज को प्रसन्न रखना ही हितकारी माना जाना जाता है।इसी के चलते बीते हुये दिवस शनि जयंती के मौके पर जहां शनि मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी हुई देखी गई तो दूसरी ओर बताया जाता है कि स्थानीय बोदरी नाका स्थित शनि मंदिर में शनि जयंती बडे ही धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर सुबह से ही शनि मंदिर में शनि भक्तों का आना शुरू हो गया था ।शनि मंदिर में शनि भक्तों ने तेलाभिषेक कर पूजन अर्चना करते हुए हवन एवं महाआरती में भी सहभागिता की ।वही शनि भक्त मंडल द्वारा श्रद्धालुओ के लिए खिचड़ी प्रसादी एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया। वही शनि मंदिर से जुड़े प्रहलाद उपाध्याय ने बताया कि प्रतिवर्ष हम लोग शनि जयंती पर विविध आयोजन करते है । खासतौर पर भंडारे एवं रात को महाआरती एवं हवन पूजन के आयोजन में अनेक श्रद्धालु शामिल होते है। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर का निर्माण बोदरी नाका पुलिस चोकी के ठीक सामने किया गया था यहां शनि साधिका डॉ विभा श्री के प्रवचन कार्यक्रम भी 2 बार आयोजित हो चुके है इसके अलावा यहां नवग्रह वाटिका भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

## मासूमों की जिन्दगी संवारने के लिये चलाने वाली शासन की योजनाओं पर खडे हो रहे सवाल..?

# बच्चे अपना पेट पालने के लिए हो रहे मजबूर, दुकानों सहित अन्य प्रतिष्ठानों में दिन रात हो रहा बाल श्रमिकों का शोषण





**सांईखेड़ा**

जहां एक ओर सरकार द्वारा मासूम बच्चों को पढ़ाई से लेकर अन्य सुविधाएं प्रदान करने के नाम पर अनेक प्रकार की योजनाएं तो चलाई जा रही है। मगर इसके बाद भी जब लोग बच्चों को होटलों सहित अन्य जगहों पर काम करने के आलवा अपना व परिवार का पेट पालने के लिए खेल दिखा कर पैसा एकत्र करते हुए देखा जाता है तो निश्चित तौर से शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर सबाल खड़े होने से नही चूक पाते है..? वही दूसरी ओर इस प्रकार की सच्चाई को देखकर लोग यह बात हाने से नही चूकते है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही इन योजनाओं के नाम पर हर वर्ष सरकारों द्वारा बजट तो खर्च किया जा रहा है। मगर इसके बाद भी मासूमो की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है तो फिर वह बजट जा कहा रहा है यह एक चिंता जनक सच्चाई उजागर होने से नही चूक पा रही है? वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो शासन द्वारा जहां 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से किसी भी प्रकार का काम कराने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रकार से बाल श्रम को रोकने के लिए उठाये गये कानूनी कदम विफल साबित होते हुए दिखाई दे रही है? जिन मासूम बच्चों के हाथो मे कलम और स्लेट होनी चाहिए थी आज उनके हाथो मे चाय की गिलास और होटलों की प्लेटों सहित अपनी जिन्दगी को खतरे में डालने के साथ अपना पेट पालने के लिए मेहनत करते हुए आसानी से देखे जा सकते है? इतना ही नही अक्सर देखा जाता है कि शादी के सीजन हो या फिर अन्य कोई समारोह के दौरान बाल श्रमिकों को पानी पिलाते और पानी की टंकियों को भरते और शादी खत्म होने के बाद वर्तन साफ करते और बाद मे गद्दे, कुर्सी उठाते हुए देखा जा सकता है। क्योंकि गरीबी व अशिक्षा और तंगी के कारण कम उम्र के बच्चों को मजदूरी करने मजबूर होना पड़ रहा है, जो सुबह से लेकर देर रात तक आयोजनों से लेकर होटलों व आयोजनों में काम करते देखे जाते है। बालश्रम को रोकने के लिये बनाये गये कानून के बावजूद दिन प्रतिदिन बाल श्रमिकों की संख्या मे वृद्धि हो रही है। वही देखा जाता है कि शहरों से लेकर क्षेत्र के कस्बों में इस प्रकार से मासूम बच्चे रोजगार को तलाशते ऐसे नन्हे कदम गांवों से शहरों की ओर बढ रहे है। इस तरह बालश्रमिकों की संख्या मे वृद्धि होने का एक मात्र प्रमुख कारण गरीबी और अशिक्षा बताया जा रहा है, इतना ही नही बाल श्रम कानून के ढीले पड़नें के कारण शहरों से लेकर गांव गांव खुले हुए ढाबों, होटलों और लॉजों के मालिकों द्वारा इन मासूमो का खुलेआम आर्थिक व शारीरिक शोषण करने में भी कोई कसर नही छोड़ी जा रही है, इतना ही नही अनेकों बार तो इस प्रकार की सच्चाई देखने मिलती है कि काम करते वक्त यदि किसी मासूम के हाथ से क्षति पहुंच जाती है तो उसे पीटने के साथ साथ उसे प्रदान किये जाने वाली चंद रूपयो में भी कटौती कर दी जाती है? विगत कुछ वर्ष पूर्व शासन द्वारा पुलिस प्रशासन के माध्यम से अभियान मुस्कान की शुरूआत कराई गई थी जिसमें दुकानों सहित अन्य जगहों पर काम करने वाले मासूम बच्चों को पुलिस द्वारा ले जाकर उनसे काम करवाने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही थी। मगर बताया जाता है कि यह अभियान मात्र चंद दिनों के लिए खाना पूर्ति करते हुए समाप्त हो गया और वह मासूम बच्चे फिर पूर्व की तरह दुकानों होटलो व शादी समारोहों के साथ साथ सड़को पर अपनी जिन्दगी को खतरे में डालते हुए पेट पालने के लिए अनेक प्रकार के खेलत दिखाते हुए नजर आने लगे है? इस बात की सच्चाई शहरों के साथ साथ अब गांवों में भी आसानी से देखने मिल सकती है कुछ इसी प्रकार का नजारा बीते हुए दिवस उस समय देखने मिला जहां पर एक मासूम बच्ची एक लकड़ी पर अपने पेट के भर लेटकर काफी ऊचाई पर पहुंचकर अनेक प्रकार के खेल दिखा रही थी? जिसको देखने वाले कुछ पल के लिए तो खुश होकर ताली बचाते हुए उसे दस पांच रूपया तो प्रदान कर देते है। मगर इस सच्चाई को देखकर सबाल यह उठता है कि यदि इस प्रकार वह मासूम बच्ची इतनी उचाई से गिर गई तो उसकी जिन्दगी का क्या होगा? शायद भीड के बीच खडे. किसी भी व्यक्ति व नगर के अधिकारियों द्वारा नही सोचा गया होगा? इस प्रकार से मासूमों का खेल देखने वाली भीड़ में अधिकारियों से लेकर वह नेता भी शामिल रहते है जो आये दिन मंचों से मासूमों का भविष्य सुधारने की बात तो कहते हुए दिखाई देते है। मगर उनके भाषण सिर्फ मंचों तक ही सीमित रहने का ही परिणाम है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेकों योजनाओं के बाद भी अनेक बच्चों शिक्षा से दूर दिखाई पड़ रहे है, जबकि सरकारी आकड़ो में देखा जावे तो इन बच्चों के नाम पर खर्च होने वाली राशि से इन बच्चों की जगह अनेक नेताओं व अधिकारियों को जरूर लाभ मिलने में कोई कसर बाकी नही रह रही है।





## नमामि गंगे अभियानः निकाय स्तर पर जल संरक्षण जागरूकता के लिये आयोजित की गई विशेष चित्रकला प्रतियोगिता

**सालीचौका।** प्रकृति को संभालने से लेकर हर प्राणी को अपना जीवन बचाने के लिये जल कितना महत्व पूर्ण होता है इस बात का अहसास लोगों को भले ही अभी नही हो रहा है। मगर जब लोग अन्य देशों के तरह एक एक बूंद पानी के लिये तरसगे तब तक काफी देर हो चुकी होगी। इस तरह जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूकर करने के लिये बीते हुये नगर परिषद सालीचौका अध्यक्ष राकेश सिलावट व मुख्य नगर पालिका अधिकारी भवानी प्रसाद के आदेशानुसार जल सरंक्षण जागरूकता तथा स्वच्छता अभियान को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि बीते हुये दिवस स्थानीय नगर परिषद के मीटिंग हॉल में नगर के स्कूली एवं अन्य बच्चों के माध्यम से जल संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत चित्रकला, निबंध लेखन का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के द्वारा संदेश दिया की धरती पर जीवन के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए जल का संरक्षण और बचाव कितना जरूरी है। क्योंकि बिना जल के जीवन संभव नहीं है तथा धरती इकलौता अकेला ऐसा ग्रह है जहां पानी और जीवन मौजूद है। इस दौरान जल ही जीवन है का महत्व को समझाया गया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी भवानी शर्मा के आलवा पार्षद व समाज सेवी जितेंद्र राय, प्रतिनिधि रामनारायण बड़कुर के द्वारा सभी बच्चों से जल के महत्व के बारे में पूछा गया । जल है तो कल है जल को व्यर्थ ना बहाये। इस आयोजन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भवानी शर्मा तथा पार्षद जितेंद्र राय जनप्रतिनिधि रामनारायण बड़कुर के आलवा इंजीनियर सुश्री मोहिनी कड़पेती, तेजपाल पटेल , शिक्षक जगदीश मेहरा ,रंजीत साहू सहित नगर परिषद के कर्मचारियों सहित सिविक रिसोर्स मैनेजमेंट की टीम मौजूद रही।

## एक साथ दो सगी बहिनों के आफिसर बनने से केकरावासी खुशी से झूमे



**गाडरवारा।** जिस तरह सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं का नारा दिया जा रहा है और उसके सही मायने ग्राम केंकरा की दो सगी बहिनों ने एक साथ आफिसर बनते हुये साबित कर दिया गया है कि बेटियाँ भी कभी बेटों से पीछे नही रहती है। यदि बेटी अपने अपने माता पिता का नाम रोशन करते हुये ऊपर तक पहुंचाने में कोई कसर नही छोड़ती है। इसी प्रकार से ग्राम केंकरा निवासी भगवानदास कौरव के पुत्री सिद्धि कौरव तथा साक्षी कौरव की सफलता ने साबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम केंकरा निवासी साक्षी पिता भगवान दास कौरव द्वारा आयोजित एमपीपीएससी 2021 की परीक्षा में **Assistant Treasury Officer** के पद पर वित्त विभाग में चयन हुआ है। इसी प्रकार भगवानदास कौरव के दूसरी बेटी साक्षी कौरव का भी एमपीपीएससी 2021 की परीक्षा में **Assistant Treasury Officer** के पद पर वित्त विभाग में चयन हुआ है। इस तरह गांव की बेटी यानि की साक्षी व सिद्धि कौरव दोनो सगी बहिनों का एक साथ आफिसर बनने पर पूरे गांव में खुशी का महौल देखने मिल रहा है। वही दूसरी ओर लोगों द्वारा दोनों बेटियों के उज्जब भविष्य की कामना करते हुये शुभकामनाये देते हुये देखे जा रहे है।

## छात्रवृति के लिए भटक रहे छात्रः विगत वर्ष की छात्रवृति अभी तक नहीं मिल पाई है छात्र छात्राओं को



**कौड़िया।** एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र में बैठी सरकार द्वारा शिक्षा का स्तर ऊचा उठाने के लिए आये दिन नई नई घोषणाएं करते हुए बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वही दूसरी ओर शिक्षा विभाग में बैठे अधिकारियों की उदासीनता के चलते शासन की योजनाओं का छात्र छात्राओं को लाभ मिलता हुआ नजर नही आ रहा है? इस बात की सच्चाई इस समय शहर के अनेक शासकीय स्कूलों से लेकर निजी स्कूलों में देखने मिल रही है? इस संबंध में बताया जाता है कि गत वर्ष शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय शिक्षण संस्थाओं से लेकर निजी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं के लिए उनकी छात्रवृति प्रदान करने के लिए सभी छात्र छात्राओं को पोर्टल से जोड़ते हुए शासकीय बैको में खाता खोलने के बाद कही गई थी, जिसके चलते छात्र छात्राओं द्वारा बैकों में अपने खाते खुलवाने के बाद स्कूलों में अपना खाता नम्बर तक जमा किया गया है। मगर अनेक स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि उन्हें अभी तक शिक्षा सत्र 2022-23 की छात्रवृति खाते में नही पहुंची है जबकि यदि गौर किया जावे तो शिक्षा सत्र 2023-24 भी अब निकल चुका है, इसमें सबसे प्रमुख बात तो यह है कि जब छात्र छात्राओं को अभी तक अनेक शिक्षण संस्थओं के छात्र छात्राओं को विगत वर्ष की छात्रवृति प्राप्त नही हो पाने की चर्चा है तो फिर इस वर्ष की प्राप्त करना मात्र एक कल्पना ही साबित होते हुए जान पड़ रहा है? इससे यह संदेह पैदा हो रहा है कि कही शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को दी जाने वाली छात्रवृति की सच्चाई ऐसा तो नही की भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई हो? छात्र छात्राओं को छात्रवृति नही मिलने के कारण अभिभावकों द्वारा शिक्षा विभाग से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की गई है कि इसकी स्पष्ट रूप से जांच कराई जावे कही ऐसा न हो कि व्यापम घोटाले की तर्ज पर बच्चों की छात्रवृति में भी कोई बड़ा घोटला चल रहा हो।

## बच्चों का पोषण आहार खाकर आखिर कौन हो रहा है मोटा अभिभावकों को पता ही नहीं क्या मिलता है मासूमों को?



**सांईखेड़ा।** शासन द्वारा बच्चों का अच्छा भरण पोषण हो सके इसके लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है, मगर इसके बाद समीपस्थ जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत अनेक गांवो में देखा जावे तो वह लगातार पिछड़ रहें है। क्षेत्र मे संचालित अधिकांश सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार के चलते इतनी फजीहत है कि शासन की मंशा कही से किसी कीमत मे पूरी होती नही दिखती है? भ्रष्टाचार ने सरकार की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को ऐसा पलीता लगाया जा रहा है कि योजनाये जहां दम तोड रही है जिसके चलते अनेक हितग्राही योजनाओं का लाभ पाने वाले भटकते हुए देखे जा रह है? क्षेत्रवासियों का जनचर्चाओं में आरोप है कि शासन द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं की उन तक तब जानकारी बहुचती है जब या तो वह पूरी हो चुकती है या फिर उनमें आई राशि खत्म हो जाती है? ऐसी एक नही अनेक योजनाएं है जिनका कागजों से हटकर हकीकत में आम लोगों लाभ मिलना चाहिए मगर नही मिल पा रहा है, जिसमें अनेक योजनाएं तो महिला बाल विकास के हबाले से जो भ्रष्टाचार व अनियामितताओं का शिकार होते हुए देखी जा रही है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो पोषण आहार योजना की जो दुर्दशा होते हुए देखी जा रही है जिसे देखकर शहर में ही सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों मे इस योजना का क्या हाल होगा? हरिभूमि ने जब क्षेत्र के कुछ ग्रामीण क्षेत्र के पोषण आहार केन्द्रों और कुछेक आंगनवाड़ी केन्द्रों का भ्रमण करते हुए इसकी सच्चाई का पता किया गया तो अनेक केन्द्रो में पाया कि महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में चल रही गफलत बाजी के चलते वह योजनाएं जहां असफल साबित हो रही है, वही दूसरी ओर बच्चों का पोषण होने की जगह व अपोषित होते चले जा रहे है? जबकि शासन द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रो में अध्यन करने वाले बच्चों के नियम से अलग अलग दिन के हिसाब से खाना मिलना चाहिए, मगर सच्चाई पर गौर किया जावे तो इन आंगनबाड़ियों में अध्ययन करने वाले अनेक बच्चों के अभिभावकों को पता नही है कि आज उनके बच्चों को अलग से कुछ मिला है कि नही, क्योंकि बच्चों द्वारा घर जाकर वही बताया जाता है कि जो रोज मिल रहा है वही आज मिला है। इतना ही नही यदि गौर किया जावे तो क्षेत्र के अनेक आंगनवाड़ी केन्द्रों मे काम करने वाली कार्यकर्ताओं ने दबे सुर मे अपना नाम उजागर न करने की बात पर अपनी परेशानियां बताई जो गंभीर है? इनके विभागीय अधिकारियों द्वारा पैसों की मांग की जाती है और मांग पूरी न होने पर इन्हें डराया धमकाया जाता है और तो और इन्हे नौकरी से निकाल देने का भय भी दिखाया जाता है, इसके चलते कुछ स्थानों की स्थिति तो यह बने है कि केन्द्रो में जितने बच्चे उपस्थित नही रहते है, उनका भी भोजन बनाने का रिकार्ड दर्ज कर काफी हद तक गोलमान किया जाने की जानकारियों मिलना आम बात होती चली जा रही है

## आंगनबाड़ियो में मंगल दिवस योजना बदहाल, सक्षम अधिकारियों की कार्यशैली पर खड़े हो रहे सवाल

**सांईखेड़ा।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ अपने गंतव्य स्थानो पर पहुंचा तो दी जाती है, किन्तु उसके संचालन के लिए जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जाती है वे पूरी तरह से लापरवाही की भेंट चढ़ जाती है। कुछ ऐसा ही जनपद पंचायत सांईखेड़ा क्षेत्र की अनेक आंगनवाड़ियो मे देखने को मिल रहा है। जहां मंगल दिवस योजना अमंगल दिवस बनती हुई नजर आ रही है? दर असल आंगनवाडी केन्द्रो मे पोषण आहार योजनार्तगत हर माह के मंगलवार के दिन विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। किन्तु इन कार्यक्रमो में भी जमकर पलीता लगाते हुए जान पड़ रहा है? ग्रामीण क्षेत्रों में जन चर्चाओं के माध्यम से मिल नही जानकारियों के अनुसार अनेक आंगनवाड़ियों में यह योजनाए बराबर संचालित नही होती है, जिसमें देखा जावे तो सबसे दयनीय हालत ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों के आंगनवाडी केन्द्रों की है जहां न तो विभाग के अधिकारी और न ही कोई कर्मचारी निरीक्षण करने पहुंचता है? ऐसे में नाम मात्र की कार्रवाई कर दी जाती है। इन आंगनवाडियों की स्थिति की सच्चाई पर गौर किया जाए तो वे बदहाल स्थिति से जूझ रही है न वहां बैठने की पर्याप्त व्यवस्था है और न ही सामान रखने की है। वही कुछ आंगनवाडी भवनों की हालत जर्जर हो चुकी तो कुछ टूटे मकानों में संचालन हो रहा है। इस तमाम बातो पर ध्यान तो ऐसे में योजनाओं का संचालन कैसा होगा यह स्वयं सिद्व है, पर्याप्त मात्रा में आने वाली राशि कब और किधर जा रही है इसका कोई पता भी नही, जिन कार्यक्रमों का संचालन किया जाना चाहिए उसके लिए सामग्री भी नही मिलती ओर मिलती भी है तो गायब हो जाती है। आंगनवाड़ियों के माध्यम से बच्चो, महिलाओं और किशोरी बालिकाओं की देखभाल और उनके स्वास्थ्य मे सुधार लाने के लिए जो तैयारियां की गई है उसमे दिल चस्पी ना तो आंगनवाड़ियो की कार्यकर्तता और सहायिकाओं में है और ना ही अधिकारियों मे, आंगनवाडियों मे मंगल दिवस योजना पोषण आहार योजना वर्ष 2007-08 के तहत बनाई गई है, जिसके तहत हर माह के मंगलवार को अलग अलग कार्यक्रम करना है, प्रथम मंगलवार को गोद भराई, दूसरे मे अन्न प्राशन, तीसरे मे जन्म दिवस और चौथे मंगलवार को किशोर बालिका दिवस मनाना है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चो की उपस्थिति बढ़ाना, सुरक्षित प्रसव, मातृ एवं शिशु मृत्युदर मे कमी कुपोषण कम करना, किशोरी बालिकाओ को आयरन फोलिक ऐसिड व डी वार्मिग की गोलिया वितरण करना है। मंगल दिवस योजना का क्रियान्वयन बराबर न होने से संबंधित क्षेत्रो में भी लोगो को इन केंद्रो पर भरोसा उठ रहा है।

## सरकारी बैकों में दलालों का बोलबाला होने से नहीं मिल पा रहा आमजन को लाभ

**गाडरवारा।** केन्द्र सरकार व शासन द्वारा ग्रामीण कस्बे में निवास करने वाले किसानों के लिए अनेक प्रकार की योजनाए चलाई जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से किसान क्रिडिट कार्ड, फसल बीमा योजना आदि शामिल है, मगर इन योजनाओं का किसानों को लाभ ले पाना कितना मुश्किल होता है इस बात की सच्चाई से शायद नेताओं से लेकर सरकार के अधिकारी भी अनविज्ञ है, क्योंकि किसानों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की शाखाएं खोली गई है, मगर अक्सर देखा जाता है कि इन बैकों में बैठे अधिकारियों की मनमानी के चलते किसानों को शासन की योजनाओं का सही लाभ नही मिल पा रहा है। इसका उदाहरण इस समय शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंक में आसानी से देखा जा रहा है, क्षेत्र के किसानों द्वारा आरोप लगाते हुए बताया है कि इन सरकारी बैकों के अंतर्गत आने वाले ग्रामो के किसान बैंक के चक्कर लगाने पर मजबूर हो रहे है। क्षेत्र के कुछ किसानों ने हमारी हरिभूमि टीम से चर्चा करते हुए बताया कि इन दिनो क्षेत्र की बैंकों में कुछ दलाल काम कराने की दिशा में सक्रिय है, वही किसान अपना किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिये परेशान होते देखे जा रहे है। जिसमे क्षेत्र के कुछ ग्रामीण किसान जो कि खेती किसानी कर अपनी जीविका चलाते आ रहे है, वही किसान क्रेडिट कार्ड को बनवाने के लिए गांव से चलकर शहर पहुंचता है तो अधिकारियों द्वारा उसे कार्ड बनबाने के लिए सीधे दलालों के पास जाने की सलाह दे देते है? जब वह उनके पास पहुचता है तो सीधे 10 से लेकर 20 प्रतिशत राशि की बात पर ही कार्ड बनाने की बात कही जाती है, इस स्थिति में जब किसान अधिकारियों से चर्चा करते है तो बैकों अधिकारियों द्वारा उस किसान को महिनो तक घुमा घुमाकर परेशान कर दिया जाता है, इस स्थिति में या तो किसान अपना कार्ड बनबात ही नही है या फिर उसे मजबूरी में बैकों द्वारा पाले गये दलालों की शरण में ही जाना पड़ता है? इस प्रकार के दलाल शहरों की बैको से लेकर ग्रामीण बैकों में आसाली से देखने मिल सकते है।

खबर संक्षेप

## गांजा तस्कर को 4 वर्ष कठोर कारावास एवं 10,000 रूपये अर्थदण्ड की सजा

**डिंडौरी।** मीडिया सेल प्रभारी ने प्रेस नोट जारी कर बताया गया कि, थाना करंजिया के अप0क्र0 162/2019 एवं विशेष प्र0क्र0 15/2019 के आरोपी जयपाली लाल श्रीवास्तव पिता विसम्भर उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम पचरा थाना रतनपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के विरूद्ध धारा 8/20 स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के अंतर्गत आरोप है कि दिनांक 31.08.2019 को मुख्यमार्ग रोड आरक्षी केन्द्र करंजिया में वाहन चेकिंग के दौरान वाहन मारूती ईको क्र0 सीजी 10 एफ 7434 में 18 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते समय थाना करंजिया ने पकड़ा । थाना करंयिजा द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना पश्चात चालान न्यायालय में पेश किया गया । उक्त मामले की सुनवाई करते हुए माननीय विशेष न्यायाधीश, एन.डी.पी.एस.एक्ट. द्वारा आरोपी जयपाली लाल श्रीवास्तव पिता विसम्भर उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम पचरा थाना रतनपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) को धारा 8(ब) 20(ख)(पप)(आ) स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के अपराध के लिए 04 वर्ष कठोर कारावास एवं 10,000- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर 06 माह अतिरिक्त कठोर कारावास भुगताये जाने के आदेश पारित किया गया ।

## जोहिला नदी को स्वच्छ करने विधायक, एसडीएम व ग्रामीणों ने किया श्रमदान



**अनूपपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत किरगी के जोहिला नदी के घाटों में जमीन गाद को हटाने एवं घाटों की साफ सफाई का कार्य किया गया पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को एसडीएम पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल नायब तहसीलदार गण, व्यापारी गण, ग्रामीण जनों ने बढ़ चढ़कर अभियान में सहभागिता करते हुए श्रमदान किया गया विकासखंड पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत ताली, ऊपरीकला पडरीखार सहित विभिन्न ग्राम पंचायत में गाद निकालने तथा जल संरचनाओ की साफ सफाई का कार्य किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने अभियान के तहत किया जा रहे कार्यों में श्रमदान किया।

## रायफल, पिस्टल, शॉटगन के लिए प्रतिभा चयन कार्यक्रम का होगा आयोजन

**अनूपपुर।** म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी भोपाल में रायफल, पिस्टल, शॉटगन हेतु प्रतिभा चयन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ऐसे रायफल एवं पिस्टल खिलाड़ी जिन्होंने सिलेक्शन ट्रायल्स ग्रुप ए एवं ग्रुप बी में सत्र 2023-24 में भाग लिया हो वे 20, 21 एवं 22 जून को प्रतिभा चयन कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। आईएसएसएफ श्रेणी में ऐसे शॉटगन खिलाड़ी जिन्होंने दिग्विजय सिंह चैंपियनशिप में प्रतिभागिता की हो वे 14 एवं 15 जून को प्रतिभा चयन कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। ऐसे पिस्टल खिलाड़ी जिन्होंने पहले कभी शूटिंग विधा में भाग नही लिया हो वे 25, 26 एवं 27 जून को प्रतिभा चयन कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण विभाग अनूपपुर में सम्पर्क किया जा सकता है।

# नमामि गंगे अभियानः पौधारोपण एवं जल स्त्रातों की हुई सफाई

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नमामि गंगे कार्यक्रम अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा शासन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत सभाकक्ष बजाग में पर्यावरण संरक्षण पर केन्द्रित संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम में दिनो दिन बढती हुई प्रदुषण के समाधान को लेकर चर्चा करते पर्यावरण सरंक्षण के दिषा में किए जाने वाले प्रभावी पहलों पर अमल करने की बात कही गई । इस दौरान जन अभियान परिषद के द्वारा समाज कल्याण एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय गतिविधिया संचालित किए जाने की सराहना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नीरज मुजवार,विशिष्ट अतिथि के तौर पर राजेंद्र दुबे जी के द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर विशेष चर्चा की गई, इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से विकासखंड समन्वयक श्री मती अंजू दुबे जी, समस्त सीएमसीएलडीपी विद्यार्थी, नवांकुर, प्रस्फुटन समिति के सदस्य,परामर्शदाता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। तत्पश्चात ग्राम पंचायत पड़रियाडोंगरी में अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस समारोह के




अवसर पर नमामि गंगे कार्यक्रम अंतर्गत पौधारोपण कार्य किया गया एवं तालाब में स्वच्छता कार्य किया गया जिसमें सीईओ एमएल धुर्वे जनपद पंचायत बजाग, जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते,श्रीमती हीरा परस्ते जिला पंचायत सदस्य, राधेश्याम कुशराम जनपद उपाध्यक्ष बजाग,कैलाश मरावी सरपंच पड़रियाडोंगरी, प्रेमलाल यादव, राजेंद्र प्रसाद दुबे, श्रीमती अंजू दुबे विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद बजाग, समस्त विद्यार्थी सीएमसीएलडीपी,मेंटर, नवांकुर, संस्था,प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित रहे । जनपद पंचायत से एसडीओ आरईएस,सब इंजीनियर,सचिव, जीआरएस पड़रियाडोंगरी,और समस्त पंच एवं ग्रामीण जन समेत नवांकुर संस्था,प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित रहे । जनपद पंचायत से एसडीओ आरईएस,सब इंजीनियर,सचिव, जीआरएस पड़रियाडोंगरी और समस्त पंच एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे इसी क्रम में 06 जून को ग्राम पडरियाडोंगरी की चकरार नदी में, 07 जून को ग्राम सिंगपुर के केरीटोला में शिवघाट में चयनित नदी सुहई नदी में और 08 जून को ग्राम मिढली में चकरार नदी में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें विकासखण्ड समन्वयक बजाग, नवांकुर संस्था, मेंटर्स, छात्र छात्राओं और समितियों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# जन, जंगल जमीन का कोई विकल्प नहीं: डॉ. जैन

## पर्यावरण संरक्षण के लिए हुई ऑनलाइन कार्यशाला

**डिंडौरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन थीम 20240 विषय को लेकर ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अखिलेश पांडे कुलपति विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का विस्तृत वर्णन कर सभी को मार्गदर्शन दिया। मुख्य वक्ता प्रो. संजय स्वामी शिक्षा निदेशालय नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय संयोजक पर्यावरण शिक्षा, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हम केवल वृक्षारोपण के फोटो खींच अपनी औपचारिकता पूर्ण न करें बल्कि संकल्प लेकर उसको वृक्ष बनने तक सेवा करें ऐसे वृक्ष लगाना चाहिए जो भविष्य में पर्यावरण सुरक्षित कर सकें ग्लोबल वार्मिंग को कम कर सकें नीम, पीपल, बरगद, आम जैसे वृक्ष लगाना चाहिए औषधि पौधों को भी लगाना चाहिए कार्यक्रम में डॉ सुरेंद्र सिंह प्रांत संयोजक पर्यावरण शिक्षा एवं निदेशक कृषि विज्ञान संस्थान रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर ने बताया कि किस प्रकार से हम जैविक खाद का उपयोग करके भी फल, सब्जियां अपनी छत पर उगा सकते हैं और पर्यावरण को सुरक्षित रह रख सकते हैं जैविक खाद भी हम अपने छत पर कूड़ा कचरा और घर में उपयोग किए गए कचरा वेस्ट पदार्थ से बना सकते हैं आपने बताया कि पिछले कई वर्षों से आपने खुद प्रायोगिक रूप से अपने छत पर अनेक फलदार पौधे एवं सब्जियां उगाई हैं जो सेहत के लिए और पर्यावरण के लिए फायदेमंद है ।



डॉ अनिरुद्ध मजूमदार वैज्ञानिक राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि हम सभी को पर्यावरण सुरक्षित रखने के लिए प्लास्टिक का उपयोग पूर्णता है बंद करना होगा और अधिक से अधिक वृक्ष लगाना होगा, वाहनों का उपयोग कम करें जिससे प्रदूषण कम होगा। प्रकाश मिश्रा समाजसेवी एवं शिक्षक ने भी पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए बताया की युवा पीढ़ी ही है जो आने वाले समय को सुरक्षित रख सकती है अतः युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए और पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न प्रकार के उपायों को किया जाना चाहिए कार्यक्रम का संचालन डॉ विकास जैन राज्य वन अनुसंधान संस्थान के द्वारा किया गया और कहां गया कि जन, जंगल और जमीन इन तीनों का संतुलन बहुत जरूरी है यह एक दूसरे के पूरक है इन सभी को सुरक्षित रखना और इनका संतुलन बनाए रखना पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक है एवं आभार प्रदर्शन डॉ.अजय सिंह सहायक प्राध्यापक शा.करंजिया महाविद्यालय द्वारा किया गया।

# देवदूत रक्तदान परिवार के तत्वाधान में जैन मंदिर परिसर में किया गया रोपण

**शहपुरा ।** डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर कॉलेज रोड शहपुरा में देवदूत रक्तदान परिवार के तत्वाधान में शनिवार को पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वृक्ष मित्र धरा के साथी पारस नाथ जैन मंदिर में 70 पौधों का रोपण किया गया और लगभग 200 पौधों का वितरण और लोगो को वृक्ष मित्र बन पर्यावरण संतुलन के लिए प्रेरित करने का काम भी लगातार किया गया साथ ही संकल्प पत्र भी भराया गया कार्यक्रम में देवदूत सतेंद्र जैन देवदूत परिवार के सचिव के स्वर्गीय पिता स्वर्गीय रमेश चंद्र जैन की पुण्य स्मृति मैं आयोजित किया गया और कर्यक्रम की सफलता देख कर अब प्रतिवर्ष 8जून को देवदूत परिवार वृक्ष मित्र धरा के साथी कार्यक्रम का आयोजन करेगा साथ ही देवदूत




सभी से निवेदन करता है आप अपने किसी भी दिन को यादगार बनाने की सोच रहे हैं तो ब्लड डोनेशन कैम्प या धरा के साथी कार्यक्रम करें यकीन मानिए दिल को एक अलग सा सुकून मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित रहे देवदूत परिवार संयोजक प्रमुख कैलाश सोनी सतेंद्र जैन राजेश गुप्ता आशू खान रवीश पाठक दीपक सोनी राजू गौलिया छोटू साहू रिंकू विपुल रजक संतोष पूरी गोस्वामी उपस्थित रहे।

# बनते ही उखड़ने लगी 15 वें वित्त की सीसी सड़क


सीसी सड़क बनते ही उखड़ने लगी, मजदूरी भुगतान नहीं

**अमरपुर/डिंडौरी।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत मनोरी के पोषक ग्राम उसरीघुण्डी वन ग्राम जहां मूलभूत सुविधाओं की कमी है, जहां बामुस्किल एक मोहल्ले में ग्राम पंचायत द्वारा 15वें वित्त आयोग मद से सीमेंट कांक्रीट सड़क की स्वीकृति की जाकर विगत 5 माह पूर्व सड़क निर्माण कार्य कराया गया जो कुछ ही दिन बाद उखड़ने लगी कार्यस्थल पर बोर्ड भी लगा है जिससे लागत स्वीकृत दिनांक कार्य प्रारंभ या पूर्ण होने की जानकारी नहीं हो सकी हैं। जिस कार्य का अभी तक मजदूरी भुगतान नहीं किया गया है जिससे गरीब मजदूर भारी परेशान हो रहे हैं। जिस संबंध में एक सप्ताह पूर्व भी समाचार प्रकाशित किया गया था और सचिव द्वारा शीघ्र भुगतान करने कहा गया था। इस प्रकार निम्न स्तर का कार्य कर बोलने वालों की सेवाएं कर जुबान बंद करने की कोशिश की जाती हैं। ऐसे भी इस ग्राम पंचायत में इस प्रकार अनेकों वित्तीय अनियमितताएं की गई है जो जांच उपरांत उजागर होने की संभावना है कारण की ग्राम पंचायत में सरपंच पति ही सरपंची करता हैं।

### इनका कहना है,,,

मैं स्वयं देखा नहीं हूॅ,सब इंजीनियर से बात करके ही बता सकता हूॅ।
**लवकेश नारनौरे, सीईओ जनपद पंचायत अमरपुर**

## न्यायाधीश सीताशरण यादव ने संस्कार पब्लिक स्कूल में किया पौधारोपण



**शहपुरा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के प्रदेशव्यापी वृहद वृक्षारोपण विशेष अभियान के तहत तहसील विधिक सेवा समिति के द्वारा लगातार पौधारोपण अभियान चलाकर न्यायाधीश सीताशरण यादव के नेतृत्व में पौधारोपण किया जा रहा है, यह अभियान दिनांक 15 अगस्त तक चलेगा, पौधारोपण कार्यक्रम संस्कार पब्लिक स्कूल शहपुरा में आयोजित किया गया इस दौरान न्यायाधीश सीताशरण यादव ने पौधारोपण कर पौधों के महत्व के बारे में बताएं साथ ही सभी नागरिकों से पौधों पर करने की अपील भी किया इस कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमियों ने भी अपनी उपस्थिति देकर पौधे लगाए आज के इस कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ शहपुरा के अध्यक्ष अधिवक्ता दयाराम साहू,भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष बिहारीलाल साहू, समाजसेवी कृष्णा साहू,डीएसएस सेक्रेटरी एडवोकेट निर्मल साहू, विधिक सेवा समिति के लिपिक महेंद्र, शाजिद खान, तेजीलाल सहित विद्यालय परिवार से प्राचार्या सविता झारिया,प्रधानाध्यापक,आर.एल. चंद्रा, दिनेश कुमार गौतम, आशीष झारिया उपस्थित रहे।

# मेंकलसुता महाविद्यालय में स्नेह सम्मेलन संपन्न, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा

## विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किये मनमोहक नृत्य

**डिंडौरी।** मेकलसुता महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन मेकलसुता फेस्ट 2024 का आयोजन 7 जून 2024 को किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न थीम्स पर आधारित सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम डिण्डौरी नगर के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ जिसमें पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी श्रीमती वाहनी सिंह, यातायात प्रभारी सुभाष उइके, वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाज सेवी डॉ. सुनील जैन, महाविद्यालय संस्थापक बद्री प्रसाद बिलैया, सेवानिवृत्त प्राचार्य पी.एन. अवस्थी, डॉ. श्रीकृष्ण बिलैया वरिष्ठ वैज्ञानिक जवाहर लाल नेहरू कृषि वि.वि. जबलपुर, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधराज बिलैया, पार्षद ज्योतिरादित्य भलावी, श्रीमती हीरा रूदेश परस्ते, मो. इकबाल खान, महाविद्यालय संचालक इंजी अनुराग बिलैया, रजिस्ट्रार डॉ. प्रदीप द्विवेदी, प्राचार्य डॉ. बी.एल.द्विवेदी, उपप्राचार्य डॉ. बालस्वरूप द्विवेदी उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा वीणावादिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अपर्ण कर दीपप्रज्वलित किया गया, तत्पश्चात अतिथि देवो भव की परम्परानुसार सभी अतिथियों का परिचय एवं पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया गया। रजिस्ट्रार डॉ. प्रदीप द्विवेदी द्वारा महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय एवं स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि स्नेह सम्मेलन का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होता है, उन्हें मंच में अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है।





### भक्ति भाव में डूबे दर्शक -

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सर्वप्रथम प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी की वंदना जय देव, जय देव दुख हरता सुख करता गीत से की गई, गीत की धुन एवं प्रस्तुति से पूरा परिसर भक्ति भाव में डूब गया एवं तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

### हनुमान चालीसा थीम -

हनुमान चालीसा थीम पर आधारित प्रस्तुति कार्यक्रम की सबसे अनूठी प्रस्तुति रही जिसमें रामभक्त हनुमान के द्वारा किये गये रामकाज जैसे राम लक्ष्मण को सुग्रीव से मिलाना, सीता माता का पता लगाना, विभीषण को राम से मिलाना, लक्ष्मण जी को शक्ति लगने पर संजीवनी बूटी लाना इन सभी लीलाओं को मंच पर प्रस्तुत किया गया। बजरंगबली एवं राम लक्ष्मण सीता की झांकी को देख दर्शक जय बजरंग एवं जय जय श्रीराम के नारे लगाने लगे।

# संरक्षा संगोष्ठी में रेल कर्मचारियों को संरक्षा के प्रति सजग रहने दिए निर्देश




**अनूपपुर।** विगत दिनों अनूपपुर स्टेशन के अधिकारी विश्राम गृह के प्रांगण में सहायक संरक्षा अधिकारी बिलासपुर बी.ज्योति प्रकाश के अध्यक्षता में संरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे सहायक परिचालन प्रबंधक शहडोल पीआर सिंह लोध तथा सहायक विद्युत अभियंता सी.बी.के.सिंह तथा संरक्षा सलाहकार बिलासपुर एस.के.शर्मा, विश्कर्मा, चितरंजन कुमार, एम.के.चौहान, आर.के.साव, राकेश कुमार संरक्षा सलाहकार शहडोल, मुख्य स्टेशन प्रबंधक अनूपपुर एम.पी.शर्मा, एसएसई पीडब्लूएवाई अनूपपुर, एमआई एसडीएल दानिश अख्तर तथा रेलवे के विभिन्न विभागों के लगभग 115 स्टॉफ ने इस संरक्षा संगोष्ठी में भाग लिए। संगोष्ठी में रेल कर्मचारियों अपनी ड्यूटी के दौरान संरक्षा के प्रति सजग रहने,दुर्घटना के समय रेल कर्मचारी की ड्यूटी (चाहे वे ड्यूटी मे हो या रेल से यात्रा कर रहे हो ), इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ग्रीष्म कालीन पेट्रोलिंग के दौरान रेल बकलिंग हो जाने पर पेट्रोलमैन की ड्यूटी तथा परिचालन विभाग के द्वारा शटिंग के दौरान रखी जाने वाली सावधानिया के बारे मे विस्तृत रूप से बतलाया गया तथा एस और टी डिस्कनेक्शन, रिकनेक्शन के दौरान स्टेशन मास्टर के कर्त्तव्य के बारे मे बतलाया गया।

**समन्वय बनाने वाले पीआरओ ने भी साधी थी चुप्पी**

# मतगणना में प्रशासन ने तपती धूप में टेंट के नीचे पत्रकारों को बैठाकर ली परीक्षा

**अनूपपुर।** हाल ही में लोकसभा चुनाव में पत्रकारों की जिस तरह से फजीहत जनसंपर्क विभाग अनूपपुर द्वारा किया गया यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में पत्रकारों के लिए पूरी तरह से वीआईपी व्यवस्था की गई थी। कहीं से पत्रकारों ने उंगली तक नहीं उठाई, लेकिन अनूपपुर में जनसंपर्क विभाग की जिम्मेदार अधिकारी पत्रकारों की फजीहत कराने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी। मीडिया केंद्र में रखी टीवी जिसमें रिचार्ज नहीं होने से बीच-बीच में बंद हो जाती थी, गर्मी में पत्रकारों को टेंट के नीचे बैठाया गया जहां धूप और गर्मी से पत्रकारों का हाल बेहाल था, कूलर कुछ लोगों को ही हवा दे पा रहे थे। पत्रकारों की गैलरी में पत्रकारों से ज्यादा बाहरी लोगों की एंट्री थी, लेकिन पत्रकारों के जिम्मेदार एपीआरओ को इससे कोई लेना-देना नहीं था। उन्हें तो केवल अपनी हाजिरी बजाना था।




### शहडोल की तुलना में अनूपपुर में 10 प्रतिशत भी नहीं मिली सुविधा

पड़ोसी जिले शहडोल के मीडिया केंद्र में जिस तरह से पत्रकारों को सुविधा दी गई वहां का 10 प्रतिशत भी अनूपपुर के पत्रकारों को सुविधा प्रदान नहीं की गई। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की धज्जियां उड़ा दी गई, लेकिन कोई देखने और सुनने वाला नजर नहीं आया। पत्रकारों को बोतल में उबलता हुआ पानी पिलाया गया ठंडे पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई। अधिकांश पत्रकार तो अव्यवस्था देखकर घर पर जाकर टीवी देखना पसंद किए और वहां से उठकर अपने घर की ओर चले गए। जनसंपर्क विभाग ने अनूपपुर जिले के पत्रकारों के साथ सौतेला व्यवहार किया। पत्रकारों की सुविधाओं का हनन किया जिससे पत्रकारों में काफी नाराजगी देखी गई। पत्रकारों ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से निष्क्रिय एपीआरओ को तत्काल हटाकर पूर्ण रूपेण जनसंपर्क अधिकारी की नियुक्ति की अनूपपुर में मांग की है।

### उमरिया पीआरओ को मिला डीडी पावर

मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग ने अनूपपुर में रह चुके जनसंपर्क अधिकारी गजेंद्र द्विवेदी को अनूपपुर जनसंपर्क विभाग का डीडी पावर का अधिकार दिया है। वर्तमान में वह उमरिया जनसंपर्क विभाग के अधिकारी हैं। एपीआरओ की कार्यप्रणाली को देखते हुए डीडी पावर का अधिकार उन्हें नहीं दिया गया।

## खबर संक्षेप

### मूंग एवं उड़द के पंजीयन की अंतिम कल

**नरसिंहपुर**। वर्ष 2024 विपणन वर्ष 2024- 25 में प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अवधि बढ़ा दी गई है। अब किसान 10 जून तक पंजीयन करा सकेंगे। पूर्व में यह पंजीयन की तारीख 05 जून थी। आयुक्त सह संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मध्यप्रदेश भोपाल ने पंजीयन वृद्धि संबंधी आदेश जारी किया है।

### शिक्षकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण 11 एवं 12 को

**नरसिंहपुर**। अपर संचालक समग्र शिक्षा अभियान के निर्देशानुसार उमंग कार्यक्रम अंतर्गत बदलाव हम से उज्जवल पर 32 विद्यालय से चिन्हांकित एक- एक नोडल शिक्षक का 2 दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 11 एवं 12 जून को सुबह 09.30 बजे से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नरसिंहपुर में आयोजित है। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार ने प्रशिक्षण में चयनित विद्यालय के नोडल शिक्षक पूर्व में ही गूगल फार्म में जानकारी भरी गई का 2 दिवसीय प्रशिक्षण में अनिवार्यतः उपस्थित होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही शिक्षक अपने साथ अनिवार्यतः मॉड्यूल की प्रति साथ में लेकर आयेंगे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर किया वृक्षारोपण



**नरसिंहपुर** । विश्व वीरांगना क्लब नरसिंहपुर एरिया आफीसर एवं समाज सेवी लीनेस अर्चना राय ने भीषण गर्मी को देखते हुए विश्व पर्यावरण दिवस पर घर की छत पर ही पौधारोपण किया। पृथ्वी पर जीव जन्तुओ और पौधो के बीच सन्तुलन बनाए रखनेएवं पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता हेतु एक पौधा अवश्य ही लगाये इस प्रकार का सभी से आव्हान किया,ताकि पेड पौधारोपण, पशु पक्षियो, जीव जन्तुओ, का धरती पर अस्तित्व बना रहे। पर्यावरण संरक्षण दिवस पर लीनेस क्लब वीरांगना के सभी सदस्यो ने अपने अपने घरो की छत पर पौधारोपण किया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान 16 तक

**नरसिंहपुर** । जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में जल स्त्रोतों तथ नदी, तालाबों, कुआं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतो के जल संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिये विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। उक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावित होने वाले नदियाँ और उनमें मिलने वाली सहायक नदियॉ एवं जल संरचनाओं के पुनर्जीवीकरण किया जायेगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सेन्ट- आरसेटी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर के परिसर में समस्त स्टॉफ एवं प्रशिक्षणार्थियों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने की शपथ दिलवाई ली गई। इस दौरान संस्थान द्वारा पौधरोपण करने और पौधों को संरक्षित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंध सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया नरसिंहपुर जयदेव विश्वास, आशीष नामदेव, इन्चार्ज एफएलसीसी नरसिंहपुर राजेन्द्र सिंह पटैल, कार्यालय सहायक गगन शर्मा, श्रीमती सिंधु शर्मा एवं प्रशिक्षार्थी मौजूद थे।

### आवश्यकता है केरियर मार्गदर्शन की

**तेंदूखेड़ा**- जिला मुख्यालय पर कलेक्टर महोदया के द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से अगली कक्षाओं में प्रवेश लेने के लिए जो मार्गदर्शन बाहर ना जा पाने वाले छात्रों को शिविर लगाया है। ठीक इसी तर्ज पर तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा में भी ऐसे मार्गदर्शन शिविर आयोजित किए जाने की महती आवश्यकता है।

### प्रशासन से बच निकले रेत माफिया

# नर्मदा में फसे डंपर व पोकलैंड किया जा रहा था अवैध खनन





**नरसिंहपुर**। जिले मे अवैध खनन माफिया दल सक्रिय है और प्रशासन के नाक नीचे अवैध खनन कार्य किया जाता है प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है । जिसमें सूचना मिलने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई करने के लिये पहुंचा और अवैध खनन माफिया दल नर्मदा के भीतर पोकलैंड व डंपर लेकर भागते हुये नजर आये जो नर्मदा में फस गये । हालांकि उक्त मामले मे अवैध खनन माफिया प्रशासन के हाथ नही लग सके और मौके से भाग निकले । अब देखना होगा कि प्रशासन अवैध खनन को लेकर क्या कार्रवाई करता है।

### अवैध खनन की प्राप्त हुई थी सूचना

प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार संपूर्ण प्रदेश में अवैध उत्खनन को लेकर करवाई जारी रही है। इसी दिशा निर्देश के अनुसार नरसिंहपुर जिले के सुआताला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हीरापुर में अवैध उत्खनन की सूचना खनिज अधिकारी को मिली थी। सूचना के आधार पर दोपहर खनिज अधिकारी अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां नर्मदा नदी में अवैध उत्खनन करने में लगी पोकलैंड मशीन और डंपर नदी पार करने लगे। जिससे सभी वाहन नर्मदा नदी की बीच-बीच धार में फस गये। हांलाकि अवैध खनन माफिया मौके भाग निकले। प्रशासन की चैकसी अवैध खननकर्ताओं की परेशानी बढ़ा रही है ।

### किसके संरक्षण मे हो रहा अवैध खनन

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर के पाटन के रहने वाले किसी आनंद नाम के शख्स के इशारे पर यह अवैध उत्खनन नरसिंहपुर जबलपुर सीमा के बीच लंबे समय से किया जा रहा है। जहां से नर्मदा के बीचो-बीच वाहन जबलपुर की सीमा से फरार हो जाते हैं। इस पूरे मामले में खनिज अमला कार्रवाई करने में जुटा हुआ है। हालांकि नरसिंहपुर खनिज अधिकारी ओपी बघेल को अवैध उत्खनन की शिकायत मिलते ही मौके पर पहुंचे जिससे सुआताला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हीरापुर के नर्मदा घाट में अवैध उत्खनन करने वाले रेत माफियाओं में हड़कंप की स्थिति बन गई है।

### लगातार जारी है कार्रवाई

उक्त घटना में कड़ी मशक्कत के बाद बघेल की सक्रियता से अवैध उत्खनन करने वाले रेत माफियाओं में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है। वहीं खनिज अधिकारी बघेल का कहना है कि अवैध उत्खनन की शिकायतों पर हम लगातार कार्रवाई कर रहे हैं, अगर नरसिंहपुर जिले में कहीं भी अवैध उत्खनन की शिकायतें प्राप्त होगी तो हम कार्रवाई करने के लिए तत्पर रहेंगे। अब देखना हो कि प्रशासन अवैध खनन करने वालों पर प्रतिबंध लगा पाता है या नही । ज्ञात हो जिले मे लंबे समय से जारी अवैध खनन पर जिला प्रशासन अंकुश लगाने मे नाकाम रहा है



## नरसिंह तालाब में कलेक्टर ने किया श्रमदान

नरसिंहपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान 5 जून से 16 जून 2024 तक चलाया जा रहा है। निकाय क्षेत्र में स्थित विभिन्न जल स्रोतों नदी तालाबों, कुँओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्रोत के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के कार्य के लिए विशेष सफाई कार्यक्रम प्रतिदिन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नगरपालिका नरसिंहपुर द्वारा नरसिंह तालाब में सफाई अभियान कर श्रमदान किया गया। इसमें कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले नगर पालिका सीएमओ नीलम चैहान, नगरपालिका का अमला, वार्डवासी एवं नागरिक बंधुओं ने भी श्रमदान किया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में अभियान चलाया जा रहा है। इसी तरह जिले की ग्राम पंचायत बावली के अमृत सरोवर में श्रमदान कर पौधारोपण किया गया। इस कार्य में मप्र जनअभियान परिषद की नवांकुर समिति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम की महिलाओं और अन्य नागरिकों ने अपनी- अपनी सहभागिता दी।

## नर्मदांचल शोध पत्रिका विमोचन सम्पन्न



**नरसिंहपुर**। गत दिवस को स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में को नर्मदांचल पत्रिका के शोध विशेषांक प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा एवं आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ. आर.बी.सिंह, डॉ. मनीष अग्रवाल एवं डॉ. शोभा मिश्रा के द्वारा विमोचन किया गया। उल्लेखनीय है कि विशेषांक हिन्दी विभाग द्वारा 16 दिसम्बर 2023 को आयोजित संगोष्ठी आधुनिक हिन्दी काव्य में कृष्ण विषय पर संकलित एवं वाचन किए गए शोध पत्रों का संग्रह है, जिसका सम्पादन डॉ. नमिता साहू के द्वारा एवं प्रकाशन प्राचार्य के निर्देशन में किया गया है। इस संग्रह में श्रीकृष्ण के काव्य में लोक मंगलकारी, लोक रंजक, लीलाधर मानवीय रूप, हिन्दी मेघमालाओं में इन्द्रधनुषी कृष्ण एवं प्रिय प्रवास, कृष्णायन, द्वापर, रश्मिरथी, कुरूक्षेत्र, कनुप्रिया, पद-पद्माकर जैसी कालजयी कृतियों में कृष्ण चिंतन संबंधी शोध लेखों को समाहित किया गया है। आशा है यह संग्रह पाठकों, साहित्य एवं समाज को श्रीकृष्ण प्रदत्त जीवन मूल्यों की युगानुकूल परिभाषा एवं नवीन अर्थ प्रदान करेगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कार्यालयीन कर्मचारी एवं हिन्दी विभाग के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## भाजपा ने मनाया विजय का आनंद उत्सव, खिलाई मिठाईयां



**नरसिंहपुर** । भारतीय जनता जिला कार्यालय नरसिंहपुर में देष में तीसरी बार मोदी सरकार बनने के अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा इस महा विजय की खुशी आनंद उत्सव के रूप में मनाई गई कार्यक्रम सर्वप्रथम भाजपा के पितृ पुरूष पं दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नारे लगाये तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को विजय की मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी तत्पश्चात आयोजित आनंद उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कैलाश सोनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा दल है जो अपनी विचारधारा को लेकर आगे बढ़ रहा है और निरंतर प्रगति कर रहा है। हमारी पार्टी की दो सांसदों से प्रारंभ हुई यात्रा अटल जी के दौर से वर्तमान मोदी सरकार तक पहुंची है आज देष में हम देष में दो सफलतम कार्यकाल पूर्ण करते हुए तीसरी बार मजबूत मोदी सरकार बनाने जा रहे है। इन चुनाव में देष की जनता ने अपना अपार स्नेह मोदी जी को दिया है। वहीं भीषण गर्मी में हमारा कार्यकर्ता पूर्ण परिश्रम व मनोयोग से बूथ पर पार्टी को विजयी दिलाने हेतु डटा रहा। इस चुनाव में हमें देष में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला जहां केरल में पहली बार कमल का फूल खिला है तमिलनाडु में हमारा मत प्रतिशत दोगुना हुआ है तेलंगाना और आंध्रप्रदेश की जनता ने मोदी जी पर विश्वास जताया है वही मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में अभूतपूर्व आशीर्वाद मिला है। इसी के साथ ही उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश व सिक्किम में भारतीय जनता पार्टी एवं सहयोगी दलों की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। जिन प्रदेशों में हमारी सीटे कम हुई है उन पर पार्टी अपनी विवेचना करते हुए आगामी समय में वहां अपनी कमियों को दूर करते हुए और मजबूत होगी आप सभी कार्यकर्ताओं ने प्राण प्रण से जो ताकत पार्टी को विजय दिलाने में लगाई है इसी के कारण देष में तीसरी बार एनडीए की सरकार मोदीजी के नेतृत्व में बनने जा रही है। उन्होने सभी को इस महाविजय की शुभकामनाएं प्रेशित की। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता अमितेन्द्र नारोलिया व आभार जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री डॉ.हरगोविन्द पटेल, प्रताप पटेल, अबरार मंसूरी भाईजान, शिशिर चरण दुबे, संदीप नेमा, अभिशेक नेमा, पूरन सिंह पटेल, राकेश चैरसिया, सोमेश श्रीवास्तव, दीपक ठाकुर, कैलाश चैधरी, क्षितिज सोनी, डालचंद चैधरी, नितिन पटेल सहित भाजपा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न



**नरसिंहपुर** । नवीन शिक्षण सत्र 2024-2025 के विधिवत संचालन हेतु कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दलीप कुमार, प्रशिक्षु आई ए एस शुभम यादव की अध्यक्षता में जिले के समस्त हाईहायर सेकेण्डरी प्राचार्य की समीक्षा बैठक का आयेजन जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार,सहायक संचालक शिक्षा ए एस मसराम, योजना अधिकारी जी के नायक, जिला व्यवसायिक समन्वयक,जिला आई.टी समन्वयक की उपस्थित में डाइट प्रार्थना कक्ष में जिले के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक दो पालीयों में संपन्न हुई। प्रथम पाली दोपहर 11 बजे से जिसमें नरसिंहपुर, करेली, गोटेगांव विकासखण्ड एवं द्वतीय पाली दोपहर 2 बजे से चीचली, चांवरपाठा, साईखेडा विकासखंड के समस्त प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक उक्त बैठक में सम्मलित हुए। समीक्षा बैठक के एजेण्डा का मुख्य बिन्दु प्रायोगशालाओं में उपलब्ध उपकरणो, एम.पी.टास छात्रवृत्ति, वार्षिक परीक्षा 2023-24 परीणाम, नवीन सत्र हेतु प्रवेश उत्सव एवं अन्य मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरसिंहपुर के द्वारा निम्नाकिंत निर्देश दिये गए। विद्यार्थीयों के नामांकन रिपोर्ट विद्यालयवार तैयार कराने , एम.पी.टास छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थीयों के दस्तावेज में त्रुटी के सुधार हेतु विद्यालयवार समस्त छात्रो की सूची कारण सहित तैयार करने , कक्षा 10वीं में 60 प्रतिषत से कम वार्षिक परीक्षा परिणाम लाने वाले विद्यालयों को कारण बताओं नोटिस देने हेतु , कक्षा 12वीं में 62 प्रतिषत से कम वार्षिक परीक्षा परिणाम लाने वाले विद्यालयों को कारण बताओं नोटिस देने हेतु , समस्त विद्यालयों में प्रयोगशालाओं में उपल्बध उपकरणों की जानकारी प्रदान करने ,शालाओं में प्रवेष उत्सव मनाने हेतु विद्यालयों में स्वाच्छता के निर्देष प्राप्त हुए। उक्त अवसर पर जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य उपस्थित रहे।

## हनुमंत कथा स्थल का एसपी ने किया निरीक्षण, सुनी समस्यायें



**नरसिंहपुर** । जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम नवल गांव में पंडित धीरेन्द्र शास्त्री जी द्वारा कथा एवं दिव्य दरबार का आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना हो रहा है। जिनकी सुरक्षा हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था लगायी गयी एवं कार्यक्रम स्थल एवं उसके आपस पास के क्षेत्रों में सीसीटीव्ही एवं ड्रोन कैमरों के माध्यम से असमाजिक तत्वों एवं संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार एवं अति. पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटेरिया द्वारा कार्यक्रम में आये श्रद्धालुओं से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं सुना गया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। विगत रात्रि में भ्रमण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा स्थल पर लगे पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों से मुलाकात की गयी एवं उनकी समस्याओं को सुना गया एवं डियूरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपनी स्वयं के स्वाथ्य को दृष्टिगत रखते हुये आवश्यक सावधानियां बरतने हेतु कहा गया एवं वर्तमान में गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुये सुरक्षा उपाय करने हेतु समझाईस दी गयी। पुलिस अधीक्षक, अमित कुमार द्वारा कार्यक्रम में आयी महिला श्रधालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त महिला पुलिस बल लगाया गया है एवं महिलाओं के रूकने एवं बैठने वाले स्थानों पर विशेष नजर रखने एवं भीड में संदिग्ध महिलाओं पर विशेष रूप से नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यक्रम स्थल एवं उसके आस-पास के क्षेत्र में फिक्स प्वांईटों का निरीक्षण किया गया एवं डियूटी में लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम में आये समस्त श्रधालुओं की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिये साथ ही ऐसे व्यक्तियों पर नजर रखी जावे जो संदिग्ध आवस्था में स्थल एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में धूमते है। पुलिस अधीक्षक द्वारा रात्रि में डयूटी करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को निरंतर गस्त करने एवं श्रद्धालुओं के रूकने वाले स्थानों पर लगातार भ्रमण करने हेतु निर्देश दिए गए एवं लगातार वाहन एवं पैदल पैट्रोलिंग करने हेतु कहा गया ताकि चोरी चैन स्नैचिंग एवं अन्य प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

## प्री मानसून की दस्तक के पूर्व, खेतों में मूंग कटाई कार्य जोरों पर



**तेंदूखेड़ा**- रवि मौसम की नगद मूल्य की फसल मूंग तैयार हो जाने कटाई कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। किसान अपने सारे अन्य काम छोड़कर मजदूरों की व्यवस्था कर फसल को कटवाने में व्यस्त देखे जा रहे हैं।प्री मानसून की दस्तक लगभग एक दो दिन में हो सकती है ऐसा मौसम विभाग द्वारा बताया जा रहा है।उपज सुरक्षित घर पहुंच जाये को लेकर किसान लगा हुआ है। गौरतलब रहे कि इस बार मसूर बटरी चना फसलों में मार खाने के बाद से किसान परेशान देखा जा रहा था। इन फसलों में लागत मूल्य तक हाथ ना लगने की स्थिति में किसानों के चेहरों पर मायूसी देखी जा रही थी। लेकिन रवि मौसम की मूंग और सोयाबीन फसल ने इस घाटे को लेबिल कर दिया है। बहुत बड़े रकबे में यह फसल लगाई गई और अनूकूल माहौल भी मिला। हमारे प्रतिनिधि को कृषकों ने बताया है कि इस बार मौसम की अनुकूलता के चलते मूंग फसल अच्छी स्थिति में है। प्रति एकड़ पांच से आठ क्विंटल मूंग निकल रही है।भाव भी वर्तमान में अच्छे बनें हुए हैं किसान खेतों में ही थ्रेसिंग कर उपज तैयार कर सुरक्षित घर पहुंचा रहा है। विगत दो वर्षों से गर्मी के मौसम वाले सोयाबीन ने भी किसान की आय में झोका लगाया है।अस्सी से नब्बे दिनों में तैयार होने वाली इस यह उपज तैयार होकर लगभग घर पहुंच गई है।

**अब धान की रोपाई में जुटेंगे किसान**

मूंग फसल से फुर्सत होकर अब किसान धान फसल की रोपाई में जुटेगा। किसानों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि इस मौसम विभाग द्वारा अच्छी बरसात होने के संकेत दिए हैं।इसे देखते हुए खेतों में धान की रोपणी तैयार की जा रही है एवं गढ़ैया भी बनाई जा रही है।

## जल गंगा संवर्धन के तहत गांव गांव चल रहा अभियान



**तेंदूखेड़ा**। प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव द्वारा 5 जून पर्यावरण दिवस से 16 जून गंगा दशहरा तक जनपद पंचायत चांवरपाठा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कुआं, बावड़ी, तालाब आदि का मनरेगा योजना एवं जनभागीदारी से जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है।

हमारे प्रतिनिधि को जनपद पंचायत चांवरपाठा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीव गोस्वामी ने बताया कि प्राचीन बावड़ियों में ग्राम ढिलवार, चांवरपाठा, चौकी (चरगुवा), लिंगा, चिर्रिया एवं प्राकृतिक झिरना में ग्राम कोडिया, नयागांव, मेहगुवा गुनवे आदि के साथ जल संचयन के 200 से अधिक कार्यों को अभियान अवधि में 16 जून तक प्राथमिकता से पूर्ण कराने में ग्राम पंचायत, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन के द्वारा कार्य किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जल स्त्रोतों को अक्षर में अविरल और प्रदूषण मुक्त किए जाने के लिए म.प्र. जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था भारद्वाज जन कल्याण समिति ईश्वरपुर एवं नवांकुर बिलथारी ,बंधा समिति के संयुक्त प्रयास व समस्त ग्रामीणजन के प्रयास से ग्राम चौकी की बाउड़ी की साफ सफाई की गई एवं जल संरक्षण जल स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई गई जिसमें भविष्य में आने वाले जल संकट का सामना न करना पड़े। जिसमें बड़ी संख्या में समीतियों के सदस्य प्रमुख रुप से उपस्थित थे।